तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, बुधवार, 1 अक्टूबर 2025

11 दाखिलों का समय खत्म, खाली सीटों के साथ लगेंगी क्लास



12 कृष, सूर्य और एस श्रीकंठ ने जीता गोल्ड



## खबर संक्षेप

### अवैध पिस्तौल के साथ युवक गिरफ्तार

**खरखौदा।** झरोठ गांव के पास पुलिस ने युवक को अवैध पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर युवक को काबू करके उसकी तलाशी ली तो उसके पास एक अवैध पिस्तौल व उसकी जेब से एक गोली बरामद हुई। जिसकी गांव हथछोया शामली निवासी लक्ष्य के रूप में हुई है। पुलिस ने शस्त्र अधिनियम के अन्तर्गत मामला दर्ज किया है।

### दुकान से लोहे के जाल व सरिया चोरी, केस

**गोहाना।** शहर में गुढ़ा चुंगी के निकट वेल्डिंग की दुकान से 1,450 किलोग्राम लोहे के जाल व सरिया चोरी कर लिया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। गुढ़ा चुंगी के पास रहने वाले प्रदीप ने बताया कि उसने चुंगी के निकट शिवम ट्रेडिंग कंपनी के नाम से दुकान कर रखी है। वह वेल्डिंग का काम करता है। दुकान पर लोहे का जाल व सरिया रखा हुआ था। ग्राहक के कहने पर जाल बनाना था। जाल व सरिया भारी होने के चलते उसे दुकान के बाहर शटर के पास रखा था। 15 सितंबर की रात अज्ञात व्यक्ति ने उसे चोरी कर लिया। वह अगले दिन दुकान पर गया तो चोरी का पता चला। उसने अपने स्तर पर लोहे के जाल व सरिया का पता लगाने की कोशिश की, परंतु पता नहीं चला।

### ताला तोड़कर नकदी व आभूषण चोरी, केस दर्ज

**गन्नौर।** गांव चटिया औलिया में बीती रात चोर मकान का ताला तोड़कर नकदी व सोने, चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। चोरी की सूचना मकान मालिक ने वापिस आने के बाद पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के बाद चोरी का मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में चटिया गांव निवासी सोनू ने बताया कि बीती रात को वह परिवार के साथ बाहर गया हुआ था। अगले दिन सुबह पता चला कि घर का ताला टूटा मिला। जांच करने पर घर से नकदी के साथ-साथ सोने व चांदी के आभूषण गायब मिले।

## सोनीपत अनाज मंडी में बारिश ने बढ़ाई किसानों की मुश्किलें

# फसलें भीगी तो खरीद के बाद भी लौटा दिए पर्चे

### दफ्तर छोड़ गाड़ी में सवार होकर निकल गई अधिकारी, सिस्टम की लापरवाही पर भड़के किसान, दावों की खुल गई पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मंगलवार को हुई हल्की बारिश ने एक बार फिर सोनीपत अनाज मंडी की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। मंगलवार दोपहर को हुई हल्की बरसात के बाद मंडी परिसर में जगह-जगह पानी भर गया, जिससे किसानों की मंडी में लाई गई धान की फसल भीग गई और उनका छह महीने का मेहनत पर पानी फिर गया। मंडी में पानी निकासी की कोई व्यवस्थित व्यवस्था न होने और खुले आसमान के नीचे धान की ढेरियों को रखा जाने से लाखों की फसल बरसात में खराब हो गई। बारिश के बाद मंडी अधिकारियों द्वारा भीगी हुई फसल की खरीदी से साफ इंकार करने से किसानों का गुस्सा और बढ़ गया। अधिकारियों ने खरीदी हुई फसल के पर्चे तक वापस कर दिए। किसानों का कहना है कि यदि समय पर खरीद हो जाती तो नुकसान से बचा जा सकता था। किसानों ने आरोप लगाया कि मंडी में काम करने वाली खरीद एजेंसियां मनमानी कर रही हैं।



सोनीपत। बरसात का पानी जमा होने से भीगी अनाज मंडी में पड़ी फसलें। फोटो: हरिभूमि।



सोनीपत। गाड़ी में बैठकर निकलने की तैयारी में अधिकारी

### अभी ऐसा रहेगा मौसम

सोनीपत। मंगलवार को हुई हल्की बारिश ने लोगों को उमस से राहत दी, लेकिन किसानों की चिंता बढ़ा दी। सुबह से बादलों ने पूरे आसमान छाए रहे, दोपहर को हुई बारिश से तापमान 37 गिरकर 31 डिग्री पहुंच गया। न्यूनतम 23 डिग्री दर्ज किया गया। किसान अब मौसम स्थिर होने का इंतजार कर रहे हैं। मौसम वैज्ञानिक डॉ. प्रेमदीप ने बताया कि तीन अक्तूबर तक मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा। मंगलवार को हुई बरसात से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। सुबह शाम ठंड बढेगी।

### सरकार से की मांग

मंडी में पड़ी फसलें भिगने के बाद किसानों ने सरकार से मंडियों में शेड, पानी निकासी व भंडारण की सुविधाएं मुहैया करवाने की मांग की। बिना उचित इंतजाम के किसानों की कमाई हर साल बरसात में बर्बाद होती जाती है। मंडियों में सुधार के लिए किए जा रहे दावों की अचानक हुई बारिश ने पोल खोल दी। अन्नदाता जहां खेत में मौसम की मार झेल रहा है, वहीं मंडी में भी उसे दोहरी मार का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारी किसानों की समस्याएं निपटाने की बजाय पल्ला झाड़ने के प्रयास में हैं।

### सवालों से बचने के लिए चली गई सचिव

इस बीच जब किसान मंडी सचिव ज्योति मोर से मिलने पहुंचे तो उन्होंने मीडिया के सवालों का जवाब देने से बचते हुए गाड़ी में बैठकर मंडी से



निकल जाना बेहतर समझा। इससे किसानों का आक्रोश और भी बढ़ गया। किसानों ने कहा कि उन्हें फसल बचाने और बेचने दोनों में दिक्कतें आ रही हैं और सरकार को तुरंत हस्तक्षेप करना चाहिए। मंडी परिसर में पानी भरे होने और फसल के खराब होने से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है।



# कुंडली में गैस सिलेंडर में लगी आग, दंपती झुलसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कुंडली की प्रेम कॉलोनी में मंगलवार सुबह खाना बनाते समय बड़ा हादसा हो गया। गैस चूल्हा जलाते ही अचानक सिलेंडर से गैस लीक होने से आग भड़क गई। कुछ ही पलों में पूरा कमरा लपटों की चपेट में आ गया। हादसे में पति-पत्नी गंभीर रूप से झुलस गए और घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। दोनों को अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार, मूलरूप से उत्तर प्रदेश निवासी सुभाष और उनकी पत्नी सरिता प्रेम कॉलोनी में किराए के मकान में रहते है। दोनों पास की फैक्टरी में काम कर परिवार का गुजारा करते है। सोमवार को सुभाष नया सिलिंडर भरवाकर लाए थे। मंगलवार सुबह जैसे ही उन्होंने रेगुलेटर लगाकर गैस चूल्हा जलाया, सिलिंडर से अचानक गैस लीक होने लगी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरा कमरा धुएं व लपटों से भर गया। आग लगते ही दंपती ने घर में रखे सामान और नकदी को बचाने की कोशिश की, लेकिन इसी दौरान दोनों झुलस गए।

### मौका ही नहीं मिला

प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि आग इतनी तेजी से भड़की कि बचाव का मौका ही नहीं मिला। अगर समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो हादसा और भी बड़ा हो सकता था। घायल सुभाष और उनकी पत्नी सरिता ने बताया कि सिलिंडर नया ही भरवाकर लाए थे। जैसे ही गैस खोलकर चूल्हा जलाया, अचानक आग की लपटें उठीं और सबकुछ जल गया। हादसे में आवश्यक सामान के साथ नकदी भी राख हो गई।

# हादसाः करंट लगने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- अचानक हुई इस घटना से क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया

शहर के सारंग रोड पर करंट लगने से 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान मोनू के रूप में हुई है, जो शनि मंदिर खास अड्डा के पास का निवासी था। अचानक हुई इस घटना से क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार, मोनू किसी काम से सारंग रोड पर गया था। इसी दौरान वह अचानक करंट की चपेट में आ गया। करंट लगते ही युवक मौके पर ही गिर पड़ा। आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाते हुए तुरंत पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर में पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर हालत में पड़े युवक को नागरिक अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया।अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है कि करंट लगने की घटना किस परिस्थिति में हुई।

### संस्था ने करवाया संस्कार

सोनीपत। सेफ इंडिया फाउंडेशन ने सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए मंगलवार को एक व्यक्ति का अंतिम संस्कार करवाया। शनि मंदिर के मुख्य पुजारी ने मृतक के परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए सेफ इंडिया फाउंडेशन के प्रधान संजय सिंगला व चेयरमैन वाईके त्यागी से संपर्क किया। इसके बाद संस्था ने अपनी एम्बुलेंस से सरकारी अस्पताल से शव को तिरंगा चौक श्मशान घाट भिजवाया, जहां रिश्तेदारों की मौजूदगी में अंतिम संस्कार संपन्न हुआ। संस्थान के प्रधान संजय सिंगला ने बताया कि सेफ इंडिया फाउंडेशन जरूरतमंद और लावारिस व्यक्तियों का अंतिम संस्कार निःशुल्क कराती है।

### बादशाही रोड पर तेज रफ्तार वाहन ने मारी टक्कर, महिला घायल

**गन्नौर।** बादशाही रोड पर तेज रफ्तार वाहन ने एक महिला को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल करवाया। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। वार्ड नंबर 9 मदरसे के नजदीक रहने वाली बीरमति ने बताया कि वह कार्य से बाहर निकली थीं। इसी दौरान गाड़ी चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह घायल हो गई। परिजन उपचार के लिए अस्पताल में लेकर गए और पुलिस को सूचना दी।

# दो पक्षों की भिड़ंत में चार घायल, केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- केएमपी टोल और मुरथल क्षेत्र में मंगलवार को हुई वारदात, दो पीजीआई रोहतक रेफर
- पुराने विवाद में दोनों पक्षों के बीच जमकर चले लाठी-डंडे

जिले में मंगलवार को दो अलग-अलग स्थानों पर आपसी विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटनाएं सामने आईं। दोनों घटनाओं में कुल चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत नागरिक अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दो को गंभीर स्थिति में रोहतक पीजीआई रेफर किया गया।

वहीं दो को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी मिल गई। मामले की सूचना मिलते ही संबंधित थाना पुलिस ने मामलों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का पहली घटना केएमपी टोल के पास की है। जानकारी के अनुसार किसी पुराने विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते झगड़ा इतना बढ़ा कि दोनों तरफ से लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर चल गए। मारपीट में कई लोग घायल हुए जिनमें से चार की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर किसी प्रकार से स्थिति को नियंत्रित किया।

### मामूली विवाद से बनी जंग की स्थिति

दूसरी घटना मुरथल थाना क्षेत्र के आरके कॉलोनी में हुई। यहां भी आपसी कहासुनी झगड़े में बदल गई और दोनों पक्षों में हाथापाई हो गई। झगड़े में कुछ लोग घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया। मिली जानकारी के अनुसार, दोनों घटनाओं में घायल हुए लोगों को प्राथमिक उपचार देने के बाद दो मरीजों को गंभीर हालत में रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने दोनों ही मामलों में जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द से जल्द ही मामले की जांच कर आरोपित को काबू कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# पीट-पीटकर हत्या मामले में छह आरोपी गिरफ्तार, रिमांड पर लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

थाना सेक्टर-27 पुलिस ने मारपीट कर व्यक्ति की हत्या के मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए छह आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जिनमें उमेर निवासी मोहम्मदपुर (शामली) हाल गांव गढ़ शहजानपुर, शाहिद निवासी गांव आटा (पानीपत) हाल गढ़ शहजानपुर, मोहम्मद दाऊद अंसारी निवासी शामली (उत्तर प्रदेश) हाल गढ़ शहजानपुर, सुरेंद्र उर्फ सिला निवासी गांव आटा (पानीपत), आलोक निवासी शामली हाल गढ़ शहजानपुर और कासिम निवासी शामली हाल गढ़ शहजानपुर के रूप में हुई है। सभी आरोपियों को कोर्ट से एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मौत चोट लगने से होना स्पष्ट हुआ।

### जल्द पकड़े जाएंगे अन्य आरोपी

हत्यारोपितों को गिरफ्तार का अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। वारदात में शामिल अन्य आरोपितो को जल्द काबू कर आगामी कार्रवाई की जायेगी।

*-सवित कुमार, प्रभारी सेक्टर-27 शहर सोनीपत।*

### यह था मामला

27 सितम्बर को फिरोजाबाद (उ.प्र.) निवासी चरन सिंह ने शिकायत दी कि उसका भाई रामप्रसाद पिछले पांच वर्षों से गढ़ शहजानपुर में किराये पर नर्सरी से पौधे खरीदकर आस-पास बेचता था। 26 सितम्बर को किराये के मकान में उसकी मौत की सूचना मिली। मौके पर पहुंचे तो नाक से खून और मुंह से झाग निकल रहा था। जांच में पता चला कि 25 सितम्बर की रात शाहिद ने बेटे का जन्मदिन मनाने के लिए पार्टी की थी। इसी दौरान हुए झगड़े में शाहिद ने साथियों के साथ उसके साथ मारपीट की। जिससे उसकी मौत हो गई।

# गांव तेवड़ी की सरपंच रेनू बाला निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

- गांव में पंचायत द्वारा करवाए गए विकास कार्यों को लेकर हुआ था विवाद, डीसी ने की कार्रवाई
- पंचायत का रिकार्ड किया तलब बहुमत वाले पंच बनेगा गांव का कार्यवाहक सरपंच

गन्नौर खंड के गांव तेवड़ी में पंचायत कार्यों को लेकर उठे विवाद के बाद उपायुक्त सुशील सारवान ने कड़ा कदम उठाते हुए सरपंच रेनू बाला को पद से निलंबित कर दिया है। सरपंच के खिलाफ दिए आदेश में उपायुक्त ने स्पष्ट किया है कि जांच पूरी होने तक सरपंच का पद निलंबित रहेगा और पंचायत का रिकॉर्ड तत्काल प्रभाव से बहुमत वाले पंच को सौंपा जाएगा। गांव की पंचायत की कार्यप्रणाली और रिकॉर्ड की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाएगी।

### एडीसी को सौंपी जांच

इसके लिए अतिरिक्त उपायुक्त सोनीपत को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। जांच पूरी होने तक सरपंच रेनू बाला अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा सकेंगी। सस्पेंड के दौरान दिए गए आदेश में सरपंच पर आरोप है किपंचायत रिकॉर्ड प्रस्तुत न करने पर कार्रवाईखंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, गन्नौर ने कई बार पत्र लिखकर सरपंच को पंचायत का पूरा रिकॉर्ड कार्यवाही पुस्तिका, अपडेट पासबुक, बिल वाउचर, प्रस्ताव, प्राकलन, स्टॉक रजिस्टर और पढ़दा रजिस्टर डीसी कार्यालय में प्रस्तुत करने को कहा था। इसके बावजूद सरपंच रेनू बाला ने रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं करवाया और न ही सरकारी कार्यों में रुचि दिखाई। गत 29 अगस्त को उपायुक्त कार्यालय की ओर से सरपंच को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। लेकिन सरपंच ने 8 सितंबर तक जवाब प्रस्तुत किया, जांच के दौरान पाया गया कि जवाब असंतोषजनक है। उसके बाद रिपोर्ट और दस्तावेजों से यह स्पष्ट हुआ कि उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग किया और कर्तव्यों का सही तरीके से निर्वहन नहीं किया। सरपंच के निलंबित होने के आदेश की सूचना महानिदेशक विकास एवं पंचायत विभाग चंडीगढ़, आयुक्त रोहतक मंडल, अतिरिक्त उपायुक्त सोनीपत, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी सोनीपत, कानूनी अधिकारी सोनीपत, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी गन्नौर, सरपंच रेनू बाला को भेज दी है।

# साइबर ठग गिरोह का पर्दाफाश, चार को पकड़ा, शेयर ट्रेडिंग के नाम पर लूट

- नसीबुद्दीन हांसी, विशाला दिल्ली, जगदीश राजस्थान, अनमोल यूपी का निवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत





साइबर पुलिस ने शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने वाले चार सदस्यों वाले गिरोह का पर्दाफाश किया। जिनमें नसीबुद्दीन निवासी हांसी, अनमोल निवासी बड़ौत यूपी, जगदीश निवासी जालौर राजस्थान व विशाल निवासी करोलबाग दिल्ली शामिल हैं। पुलिस ने आरोपितों से 6,600 रुपये नकद व तीन मोबाइल बरामद किए।

पुलिस उपायुक्त पश्चिम एवं साइबर कुशल पाल सिंह ने बताया कि 26 नवम्बर 2024 को राजबीर निवासी सरस्वती विहार ने शिकायत दी थी। जिसमें 12 अक्टूबर 2024 को वाट्सऐप लिंक भेजकर एक ग्रुप नामक फर्जी कंपनी द्वारा फ्री शेयर ट्रेडिंग सीखने का न्योता मिला। लिंक पर जुड़ने के बाद उसे विभिन्न लालच दिए गए कि निवेश करने पर उसके पैसे तेजी से बढ़ेंगे। 13 अक्टूबर से 8 नवंबर 2024 तक राजबीर ने विभिन्न खातों में कुल 5,95,870 रुपये निवेश किए। बाद में जब उसने पैसे निकालने की कोशिश की, तो कंपनी ने मना कर दिया और तब पता चला कि यह पूरी योजना फर्जी थी। साइबर टीम ने हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान से आरोपितों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया।

### सेक्टर 15 श्रीराम शरणम आश्रम

# आठवें दिन किया लंका कांड का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सेक्टर-15 स्थित श्रीराम शरणम आश्रम में चल रहे रामायण महायज्ञ के अष्टम दिवस पर साधकों ने लंका कांड की कथा का श्रवण किया। आश्रम प्रमुख नवरत्न चोपड़ा ने प्रवचन देते हुए कहा कि लंका कांड का परिणाम अन्याय पर न्याय और अधर्म पर धर्म की विजय है। रावण वेदों का महाज्ञाता और महान पंडित होते हुए भी अज्ञानवश माता सीता का हरण कर बैठा, जिसके कारण उसका परिवार और सम्पूर्ण वंश विनाश को प्राप्त हुआ। रावण के साथ उसका भाई कुंभकर्ण और पुत्र इंद्रजीत भी युद्धभूमि में मारे गए।

रावण की मृत्यु के बाद श्रीराम ने अपने भाई लक्ष्मण को उसके पास शिक्षा ग्रहण करने भेजा, जिससे यह संदेश मिलता है कि जीवन में ज्ञान कहीं से भी प्राप्त किया जा सकता है। साधकों ने बहिन कमला अरोड़ा और बहिन राजबाला छिकारा के नेतृत्व में रामायण की चौपाइयों और श्लोकों का सामूहिक पाठ किया। इस अवसर पर माता रानी और प्रभु श्रीराम के भजनों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

समारोह में विशेष रूप से रमन कालरा, जतिंदर रेलन, कृष्ण लूथरा, रमेश कपूर, प्रेम बत्रा, अश्वनी टुटेजा, प्रदीप गुप्ता, पुनीत कुमार गुप्ता इत्यादि उपस्थित रहे।





### बीएसटी में आज रामलीला, कल रावण दहन

**गन्नौर।** गन्नौर वेलफेयर ट्रस्ट व लायंस क्लब गन्नौर गौरव के सहयोग से लंबे समय के बाद शहरवासियों को रामभक्ति और संस्कृति की झलक एक ही मंच पर देखने को मिलेगी। एक अक्टूबर को रामलीला मैदान में भव्य रामलीला होगी, जबकि 2 को आकर्षक झांकी निकाली जाएंगी व बीएसटी मैदान में रावण दहन होगा। संयोजक अंकित मल्होत्रा ने बताया कि इसके लिए निपुण और प्रतिभाशाली कलाकारों का चयन किया गया। रामलीला में पारंपरिक भावनाओं के साथ आधुनिक झांकियों का भी समावेश रहेगा। राम की भूमिका बादल छिकारा व अंकित मल्होत्रा, प्रिंस पहल लक्ष्मण, डिंपी मल्होत्रा व नाम्या जग्या को सीता मां की भूमिका सौंपी है। हरीश वाधवा दशरथ, शालु वाधवा केकैई, प्रवीन राठी परशुराम, अंकुर वेदी जनक की भूमिका निभाएंगे। सुनैना के रूप में साशा वेदी मंच पर आएंगी। हनुमान की भूमिका अरुण गोस्वामी, लव-कुश नमन व अंशु, शत्रुघ्न रुद्रांश राठी नजर आएंगे। रावण की भूमिका डॉ. मनोज, मेघनाथ का अभिनय प्रदीप त्यागी करेंगे।

### बैठक में डीसी के अधिकारियों को आदेश

# ब्लैक फिल्म के वाहनों पर करें कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

उपायुक्त सुशील सारवान ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बिना नंबर प्लेट या काली फिल्म (टिंटेड ग्लास) वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे वाहनों का चालान कर जरूरत पड़ने पर वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जाए। उपायुक्त सुशील सारवान ने मंगलवार को कैंप कार्यालय में विभिन्न विषयों पर अधिकारियों के साथ बैठक की।

डीसी ने कहा कि चोरी के वाहनों पर नाकों पर कड़ी जांच की जाए और विवि के आसपास शाम के समय गश्त बढ़ाई जाए ताकि नशे का प्रयोग रोका जा सके। त्योहारी सीजन में शहर में अधिक गश्त लगाने और सड़क पर खड़े वाहनों के चालान करने के निर्देश भी दिए गए। दुर्घटना-प्रवण स्थानों को ब्लैक स्पॉट घोषित कर समस्याओं को दूर करने को कहा गया।



हिसार। बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारीगण। फोटो: हरिभूमि।

### 1.5 लाख कैशलेस इलाज

उन्होंने बताया कि मोटर दुर्घटना में घायल व्यक्ति को 1.5 लाख रुपये तक का कैशलेस उपचार मिलने वाली योजना लागू है। अवैध निर्माण पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। इस मौके पर डीसीपी नरेन्द्र सिंह, एसडीएम गोहाना अंजलि श्रोत्रिय, एसडीएम खरखौदा डॉ. निर्मल नागर, एसडीएम सोनीपत सुभाष चंद्र, एसडीएम गन्नौर प्रवेश कादियान, एसीपी अमित धनखड़ सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



# महाकाली से सामने आया अक्षय का फर्स्ट लुक

**मुंबई।** हनुमान फिल्म के निर्देशक प्रशांत वर्मा एक बार फिर पौराणिक कथाओं पर आधारित एक नई फिल्म लेकर आ रहे हैं। फिल्म का नाम है महाकाली। अब फिल्म महाकाली से अभिनेता अक्षय खन्ना का फर्स्ट लुक सामने आया है। शुक्राचार्य के लुक में अक्षय खन्ना काफी खतरनाक अंदाज में नजर आ रहे हैं। पोस्टर में उनके चारों ओर अंधेरा है। शुक्राचार्य के लुक में अक्षय सफेद रंग के बड़े बालों और बड़ी दाढ़ी में नजर आ रहे हैं। उनके सिर पर ऋषियों की तरह जूड़ा भी बंधा हुआ है। उनकी एक आंख पूरी तरह से सफेद नजर आ रही है। शुक्राचार्य के लुक में अक्षय को पहचानना पूरी तरह से मुश्किल लग रहा है।


लाइफ Style

# हुमा
## अरेंज मैरिज और प्यार के बीच फंसी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हुमा कुरैशी, श्रेयस तलपड़े और सनी सिंह की कॉमेडी-ड्रामा फिल्म सिंगल सलमा का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। शादी को केंद्र में रखते हुए सिंगल सलमा एक ट्रैंगल कॉमेडी-ड्रामा फिल्म है। ट्रेलर में भरपूर कॉमेडी और ड्रामा देखने को मिल रहा है।

2 मिनट 16 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत एक वॉइस ओवर और लखनऊ के रूमी दरवाजा के साथ होती है। इस वॉइस ओवर में कहा जाता है, 'हिंदुस्तान में कॅरियर और सक्सेस चाहे जितना कमा लीजिए, असली प्रमोशन सिर्फ एक चीज में है अब शादी कर लो।' इसके बाद ट्रेलर में एंट्री होती है कुंवारी सलमा यानी हुमा कुरैशी की। फिर शुरू होता है सलमा की शादी कराने का प्रयास। एक-एक करके किरदार और कैंडिडेट आते जाते हैं। इसी दौरान ट्रेलर में कॉमेडी होती रहती है। इसके बाद ट्रेलर में एंट्री होती है श्रेयस तलपड़े की, जो एक सीधे-सादे सलमा की ही उम्र के व्यक्ति बने हैं। जबकि दूसरी ओर हैं सनी सिंह, जो आजकल के जमाने के क्लब जाने वाले व्यक्ति हैं। इसके बाद सलमा, सिकंदर (श्रेयस तलपड़े) से अरेंज मैरिज करना चाहती है। लेकिन तभी उसका दिल मीत (सनी सिंह) के लिए भी धड़कने लगता है। बस यहीं से शुरु होता है सलमा की जिंदगी में कन्फ्यूजन। अब वो लखनऊ के रहने वाले सिकंदर से शादी करेगी या लंदन के रहने वाले मीत से, यह फिल्म देखने के बाद ही पता चलेगा। ट्रेलर में लखनऊ की झलक देखने को मिली है, जिससे पता चलता है कि फिल्म में भी लखनऊ भरपूर देखने को मिलेगा। ट्रेलर में कई जगह डबल मीनिंग जोक भी हैं।



हॉलीवुड मसाला



# टूट गई निकोल की दूसरी शादी

**लॉस एंजिल्स।** टॉम क्रूज की एक्स वाइफ निकोल किडमैन पर्सनल लाइफ के कारण चर्चा में हैं। उन्होंने साल 2006 में कीथ अर्बन से शादी की थी। इनके दो बच्चे हैं। पर शादी के 19 साल बाद इनका रिश्ता टूट गया है। दोनों सेपरेट हो गए हैं। निकोल इस शादी को बचाना चाहती थीं। पर लाख चाहने के बावजूद ये रिश्ता टूट गया। ऑस्कर विनर एक्ट्रेस निकोल और कंट्री म्यूजिक स्टार कीथ ने महीनों की अटकलों के बाद अलग होने का फैसला किया है।



# ब्रिजर्टन 4 का पहला पोस्टर हुआ जारी

**लॉस एंजिल्स।** स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स के इंस्टाग्राम हैंडल पर 'ब्रिजर्टन 4' का पहला पोस्टर शेयर किया गया है। साथ ही यह सीरीज कब दर्शकों को देखने को मिलेगी, इस बात से भी पर्दा उठ गया है। जानिए, 'ब्रिजर्टन 4' से जुड़ा यह नया अपडेट। नेटफ्लिक्स के इंस्टाग्राम हैंडल पर 'ब्रिजर्टन 4' का पोस्टर शेयर किया गया है। जिसमें एक लड़की मास्क हाथ में लिए खड़ी है। उसका चेहरा पूरा नजर नहीं आया है। इस पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा गया है, 'तैयार हो जाइए, क्योंकि कुछ भी हो सकता है। 'ब्रिजर्टन सीजन 4' 2026 में शुरू होगा। 'ब्रिजर्टन वेब सीरीज राइटर जूलिया क्विन की बुक्स पर बेस्ड है। इसके अब तक तीन सीजन आ चुके हैं। एक सीजन में एक्ट्रेस सिमोन एश्ले भी नजर आईं। यह सीरीज एक ब्रिटिश राज परिवार के बारे में है।



# बेटी के साथ दुर्गा पंडाल में हुईं शामिल


**मुंबई।** दुर्गा अष्टमी के दिन अभिनेत्री बिपाशा बसु ने दुर्गा पूजा पंडाल में अपनी बेटी देवी और पति करण सिंह ग्रोवर के साथ जाकर मां दुर्गा का आशीर्वाद लिया। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया हैंडल पर दुर्गा पांडाल के कई वीडियो सामने आ रहे हैं, जिनमें से एक एक वीडियो बिपाशा बसु और उनकी बेटी देवी का है। नॉर्थ बॉम्बे सर्बोजनीन दुर्गा पूजा पंडाल में बिपाशा अपने पति करण सिंह ग्रोवर और बेटी देवी के साथ दिखीं। इस दौरान बिपाशा ने पैपराजी को जमकर पोज दिए। इसके साथ ही बिपाशा ने वहां पर मौजूद सभी लोगों को शुभो अष्टमी की शुभकामनाएं दीं और सभी का शुक्रिया अदा किया। दुर्गा अष्टमी के दिन बिपाशा ने नारंगी और लाल रंगी की साड़ी, लंबे झुमके, स्लीक बन और लाल लिपस्टिक में खूबसूरत लुक अपनाया।



# काजोल-ट्विंकल के शो में पहुंची आलिया

**मुंबई।** काजोल और ट्विंकल खन्ना द्वारा होस्ट किए जाने वाले शो 'टू मच' की शुरुआत हो चुकी है। इसमें कई सितारे मेहमान बनकर पहुंच रहे हैं। अब शो में वरुण धवन और आलिया भट्ट पहुंचने वाले हैं। इस दौरान अभिनेता ने कुछ मजेदार बातें की है। काजोल और ट्विंकल के आगामी एपिसोड में वरुण धवन और आलिया भट्ट नजर आएंगे, जिसका एक प्रोमो वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो की शुरुआत में वरुण धवन ने अपनी फिल्म 'मैं तेरा हीरो' का डायलॉग बोला। उन्होंने कहा, 'मैं दिखता हूं स्वीट एंड इनोसेंश स्वामी टाइप का, लेकिन मैं हूं बड़ा अजीब टाइप का।'इसके आगे आलिया को किसी बात पर जोर से हंसते हुए देखा जाता है। आगे प्रोमो में वो कहते हैं, एक फिल्म है, जिसे मैंने जब देखा तो पसंद नहीं आई थी।

टीवी मसाला



# राइज एंड फॉल' में मनीषा रानी की वाइल्डकार्ड एंट्री

**नई दिल्ली।** ओटीटी पर अशनीर ग्रोवर के शो 'राइज एंड फॉल'इन दिनों फिर से चर्चा मे है, क्योंकि मनीषा रानी ने वाइल्डकार्ड एंट्री की है। उनकी मजेदार वन-लाइनर्स, 'धनपवन साड़ी सेंटर'वाला किस्सा और फॉरेन इंग्लिश का मजाक सबको खूब भाया। ओटीटी पर अशनीर ग्रोवर का रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' लगाता सुर्खियों में बना हुआ है। एक ओर जहां धनश्री वर्मा के खुलासों की लगातार चर्चा हो रही है, वहीं एक सच्चाई यह भी है कि भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह के जाने के बाद से शो की व्यूअरशिप कम हो रही है। अब इस शो में सबकी धड़कनें बढ़ाने वाइल्डकार्ड एंट्री हुई है मनीषा रानी की। 'बिग बॉस ओटीटी 2' में अपनी बातों, अदाओं और तेज दिमाग से धूम मचाने वाली मनीषा के आने से 'राइज एंड फॉल' में सनसनी मचने वाली है। मनीषा रानी ने शो में धमाकेदार एंट्री करते ही 6 लाख रुपए जीतने का मौका पाया और अपने आपको बेसमेंट फॉल से बचाया है। यही नहीं, उन्हें शो में एक कंटेस्टेंट को एलिमेशन के लिए नॉमिनेट करने और एक को एलिवेट करने का भी मौका मिला। मनीषा ने जहां बाली को शो से एविक्ट करने के लिए नॉमिनेट किया है, वहीं आरुष भोला एलिवेट करने का काम किया। इसके साथ ही धनश्री वर्मा को फॉल फेस करने के लिए भेजा। इसमें कोई दोराय नहीं है कि मनीषा के आने से गेम का रोमांच बढ़ गया है।

## तान्या ने बीच में छोड़ी पढ़ाई

**नई दिल्ली।** रिएलिटी शो 'बिग बॉस' का 19वां सीजन लगातार बज में बना हुआ है। इसके कंटेस्टेंट्स आए दिन सुर्खियां बटोर रहे हैं। ग्वालियर के विद्या पब्लिक स्कूल से ग्रेजुएशन करने के बाद तान्या आर्किटेक्चर की पढ़ाई करने के लिए चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी गईं। लेकिन, अपने बिजनेस गोल्स पर फोकस करने के लिए उन्होंने पढ़ाई छोड़ दी थी। 26 साल की तान्या के इंस्टाग्राम पर 2.5 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। डब्बू मलिक और ज्योति मलिक के बेटे अमाल मलिक कम उम्र से ही म्यूजिक की दुनिया में हैं। सफलता पाने के बाद भी उन्होंने पढ़ाई पूरी की। उन्होंने 'द कपिल शर्मा शो' में बताया था कि उनकी मां टीचर हैं और उन्होंने साफ कहा था कि कॅरियर के साथ-साथ पढ़ाई भी करनी है, क्योंकि वो बहुत जरूरी है। उन्होंने जमनाबाई नरसी स्कूल से पढ़ाई की और मुंबई के एनएम कॉलेज से कॉमर्स में बैचलर डिग्री हासिल की। कानपुर में जन्में गौरव खन्ना ने एक्टिंग की दुनिया में आने से पहले करीब एक साल तक आईटी फर्म में मार्केटिंग मैनेजर के तौर पर काम किया था।



# सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी से कम किए गए किसिंग सीन...


*फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' इन दिनों चर्चा में है। जल्द ही यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। वरुण धवन, जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा और रोहित सराफ अभिनीत रोमांटिक कॉमेडी फिल्म को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से यू/ए 13+ सर्टिफिकेट मिला है।*

**मुंबई।** बोर्ड की तरफ से फिल्म में मामूली संपादन की सिफारिश के बाद इसे रिलीज की इजाजत मिली है। सेंसर बोर्ड को फिल्म को मंजूरी देने से पहले दो बड़े बदलावों की जरूरत थी। पहला, 'गार्ड' शब्द को म्यूट करना, जिसका इस्तेमाल उस सीन में किया गया है जहां वरुण धवन का किरदार एक गाली को छिपाने की कोशिश करता है।



दूसरा, किसिंग सीन को लगभग 60 प्रतिशत कम करना था। इन संपादनों के बाद, फिल्म को आखिरी मंजूरी मिल गई। सेंसर सर्टिफिकेट में फिल्म की अवधि 135 मिनट 45 सेकंड या 2 घंटे 15 मिनट 45 सेकंड बताई गई है। शशांक खेतान द्वारा निर्देशित इस फिल्म में वरुण धवन के साथ जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा, रोहित सराफ, मनीष पॉल, अक्षय ओबेरॉय और अभिनव शर्मा हैं। फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। यह फिल्म धर्मा प्रोडक्शंस और मेंटर डिसाइपल एंटरटेनमेंट द्वारा बनाई गई है। शशांक खेतान के निर्देशन में बनी यह फिल्म 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। सिनेमाघरों में यह फिल्म ऋषभ शेट्टी की 'कंतारा चैप्टर 1' से टकराएगी। वरुण धवन और जान्हवी कपूर इस फिल्म का खूब प्रचार कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव के साथ डांस करते हुए फिल्म का प्रमोशन किया था। आपको बता दें कि वरुण धवन जल्द ही फिल्म 'बॉर्डर 2' में नजर आने वाले हैं।

# ऐश्वर्या संग पोज देकर खुशी से झूमीं सिमोन



**पेरिस।** सोमवार को ब्रिटिश सीरीज ब्रिजर्टन की एक्ट्रेस सिमोन एश्ले ने अपने इंस्टाग्राम पर ऐश्वर्या राय के साथ एक फोटो शेयर कीं। सिमोन और ऐश्वर्या के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हैं। ऐश्वर्या बहुत प्यार से सिमोन के साथ गपशप कर रही हैं। अपना मेकअप छोड़कर ऐश्वर्या ने सिमोन के साथ सेल्फी ली। सिमोन एश्ले ने ऐश्वर्या राय के साथ क्लिक की गई सेल्फी को अपने इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन में पोस्ट किया है। साथ ही इस फोटो को ऐश्वर्या राय को भी टैग किया है। साथ ही फोटो पर एक हार्ट इमोजी भी बनाया है। यह फोटो सोशल मीडिया पर भी काफी वायरल है।

## आईएमडीबी ने जारी की सबसे अधिक पॉप्युलर फिल्मों की लिस्ट

# बीते 25 साल में इन 25 फिल्मों ने जीता दर्शकों का दिल

**नई दिल्ली।** आईएमबीडी ने वैसी फिल्मों की लिस्ट जारी ही है जो पिछले 25 सालों की सबसे अधिक पॉप्युलर रहीं। इस डेटासेट में जहां शाहरुख की 20 फिल्में हैं, उसके बाद आमिर खान और ऋतिक रोशन की 11-11 फिल्में। द इंटरनेट मूवी डेटाबेस ने पिछले 25 साल की सबसे अधिक पॉप्युलर फिल्मों की लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में साल 2000 के बाद से रिलीज हुई कई शानदार फिल्मों के नाम शामिल हैं। आईएमबीडी की लिस्ट में 2000 से 2025 के बीच में सबसे ज्यादा सर्च की गईं फिल्में और सितारों के नाम भी शामिल हैं और इन्हें ऑल टाइम पेज व्यूज के आधार पर रैंक किया गया है। ये रिपोर्ट 130 फिल्मों पर बेस्ड है। रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2000 से 2025 के बीच अब तक की सबसे ज्यादा पॉप्युलर फिल्मों की लिस्ट जारी की गई है। वहीं, इस लिस्ट में हालिया रिलीज फिल्म 2025 की 'सैयारा' पहले नंबर पर मौजूद है। सैयारा ने विक्की कौशल की छावा को भी पीछे छोड़ दिया है जो दूसरे नंबर पर है। 2025 की लिस्ट में तीसरे नंबर पर महावतार नरसिम्हा, चौथे नंबर पर ड्रैगन और पांचवें नंबर पर कुली है।





### इस डेटासेट में हर साल की 5 फिल्में

आईएमबीडी की 130 फिल्मों पर बेस्ड इस इस डेटासेट में हर साल की 5 फिल्में हैं। साल 2000 से 2005 तक की सभी टॉप फिल्मों में शाहरुख खान लीड रोल में थे, एसएस राजामौली की दो 'बाहुबली' फिल्मों के बाद के वर्षों में हिंदी स्पीकिंग रीजन से बाहर के टाइटल में काफी तेजी देखी गई।

### शाहरुख की कमबैक को रणबीर ने दी मात

ये तो साफ है कि शाहरुख खान लंबे समय से दर्शकों के पसंदीदा हीरो रहे हैं। पिछले 25 वर्षों के आधार पर बनी इस लिस्ट में टॉप पर रहने वाली सात फिल्में हैं। दिलचस्प बात ये है कि उनकी 2023 की सभी कमबैक हिट फिल्मों को रणबीर कपूर की 'एनिमल' ने पछाड़ दिया।

### आमिर खान और ऋतिक रोशन की 11-11 फिल्में

वहीं, पूरे 130 फिल्मों के डेटासेट में, शाहरुख की 20 फिल्में हैं, उसके बाद आमिर खान और ऋतिक रोशन की 11-11 फिल्में। दीपिका पादुकोण 130 फिल्मों के डेटासेट में 10 फिल्मों के साथ सबसे लोकप्रिय फीमेल स्टार रहीं। 25 साल की के दौरान आखिरी सालों में दुनिया भर में अच्छा प्रदर्शन करने वाली फिल्मों में तेजी नजर आई।

### एनालिसिस के आधार पर ये फिल्में सबसे अधिक पॉप्युलर

| | |
|---|---|
| 2000 - मोहब्बतें | 2013 - द लंचबॉक्स |
| 2001 - कभी खुशी कभी गम | 2014 - पीके |
| 2002 - देवदास | 2015 - बाहुबली: द बिगिनिंग |
| 2003 - कल हो ना हो | 2016 - दंगल |
| 2004 - वीर-जारा | 2017 - बाहुबली 2: द कन्क्लूजन |
| 2005 - ब्लैक | 2018 - केजीएफ: चैप्टर 1 |
| 2006 - धूम 2 | 2019 - उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक |
| 2007 - तारे जमीन पर | 2020 - दिल बेचारा |
| 2008 - रब ने बना दी जोड़ी | 2021 - पुष्पा: द राइज |
| 2009 - 3 इडियट्स | 2022 – केजीएफ: चैप्टर 2 |
| 2010 - माई नेम इज खान | 2023 – एनिमल |
| 2011 - जिंदगी ना मिलेगी दोबारा | 2024 – पुष्पा 2: द रूल |
| 2012 - गैंग्स ऑफ वासेपुर | 2025 – सैयारा |

### वो फिल्में जो लंबे समय तक ऑडियंस से कनेक्ट रही

आईएमडीबी ने उन भारतीय फिल्मों की भी लिस्ट तैयार की है जो लंबे समय तक ऑडियंस से कनेक्ट रही है। इनमें वो फिल्में हैं जिनमें रिलीज़ के कई सालों बाद भी दर्शकों की दिलचस्पी में इजाफा देखने को मिली। इन फिल्मों में विरुमंदी (2004), बैंगलोर डेज़ (2014), मसान (2015), प्रेमम (2015), बरेली की बर्फी (2017) और रत्सासन (2018) शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### एकल नृत्य में शिवानी ने पाया अव्वल स्थान

**खरखौदा।** शहीद दलबीर सिंह राजकीय कालेज पिपली में दो दिवसीय प्रतिभा खोज कार्यक्रम हुनर का आयोजन किया गया। जिसका संचालन प्राचार्या डॉ. तराना नेगी के नेतृत्व, प्रभारी गीता शर्मा और डॉ. किरण सरोहा के संयोजन में किया गया। एकल नृत्य प्रतियोगिता में शिवानी प्रथम, रीमा द्वितीय, अंकिता व खुशी ने तृतीय स्थान हासिल किया। समूह नृत्य में दीपाली व शिवानी प्रथम, प्रिया व अंजलि द्वितीय, वर्षा व आरती ने तृतीय स्थान हासिल किया।

### गांव गंगेसर के शिव मंदिर में पौधरोपण

**गोहाना।** सोमवार को गोहाना मंडल में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत गांव गंगेसर के शिव मंदिर में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच विक्रम सिंह ने की। मुख्यातिथि भाजपा गोहाना मंडल अध्यक्ष भूपेन्द्र मुदगिल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ लगाना बहुत ही जरूरी है। पेड़ हमारे जीवनदाता हैं। पेड़ हमें स्वच्छ प्राण वायु, फल, लकड़ी और औषधियां देते हैं लेकिन लेते कुछ भी नहीं हैं। हमें पेड़ों को संरक्षित करके उनकी देवता के समान पूजा करनी चाहिए।

### प्रह्लाद व भगवान वामन अवतार की कथा सुनाई

**खरखौदा।** लाला जय नारायण धर्मशाला में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं ने कथा का रसास्वादन किया।
कथावाचक श्रील भक्ति प्रसाद विष्णु गोस्वामी महाराज ने भक्तों को ध्रुव चरित्र, प्रह्लाद चरित्र एवं भगवान वामन अवतार की कथा सुनाई। उन्होंने समझाया कि भगवान अपने भक्त ध्रुव, प्रह्लाद की अटूट भक्ति सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। साथ ही वामन अवतार की कथा के माध्यम से यह संदेश दिया कि जब भक्त सच्चे मन से भगवान का आश्रय लेता है तो प्रभु स्वयं उस पर कृपा करते हैं।

### छात्रा रूचिका सभरवाल को सांत्वना पुरस्कार

**सोनीपत।** वैश्य आर्य शिक्षण महिला कालेज बहादुरगढ़ की एनएसएस इकाई के तत्वावधान में आयोजित ऑनलाइन आलेख लेखन प्रतियोगिता में जीवीएम गर्ल्स कालेज की बीएससी लाइफ साइंस प्रथम वर्ष की छात्रा रूचिका सभरवाल को सांत्वना पुरस्कार से सुशोभित किया गया है। यह जानकारी जीवीएम की एनएसएस इकाई की कार्यक्रम अधिकारी रूचिका विरमानी ने दी। उन्होंने बताया कि नव पीढ़ी और हिंदी भाषा की चुनौतियां विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन गया।

### विजेता को पुरस्कार देकर सम्मानित किया



**सोनीपत।** मेरा युवा भारत द्वारा राजकीय कन्या उच्च विद्यालय गढ़ी घसीटा में एक पेड़ के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि हरकौर खोखर ने बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। निर्णायक कमेटी में रेखा, निशा शामिल रही। जिन्होंने बच्चों को उनकी प्रतिभा के आधार पर चयनित किया। विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# दाखिलों का समय खत्म, खाली सीटों के साथ लगेंगी कॉलेज और आईटीआई की क्लास, विद्यार्थियों ने नहीं दिखाई रूचि

*आईटीआई में 15 दिनों की विशेष छूट अवधि में केवल 105 ने लिया दाखिला*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले के महाविद्यालयों व राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में दाखिला प्रक्रिया का अंतिम दौर मंगलवार को समाप्त हो गया। अंतिम अवसर दिए जाने के बावजूद दाखिला प्रक्रिया छात्रों को आकर्षित नहीं कर पाई। आईटीआई में 15 दिन की विशेष छूट अवधि में 105 छात्रों ने दाखिला लिया, जबकि महाविद्यालयों में 11 दिन तक चले अवसर का लाभ बेहद कम छात्रों ने उठाया। परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में सीटें अब भी खाली रह गई हैं। महाविद्यालय प्रबंधकों के आग्रह पर ही निदेशालय ने दाखिला प्रक्रिया बढ़ाने का निर्णय लिया था, लेकिन परिणाम उम्मीद के विपरीत रहे।

#### कौशल आधारित कोर्सों की ओर अधिक ध्यान

शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि छात्रों का ध्यान अब पारंपरिक स्नातक और आईटीआई पाठ्यक्रमों से हटकर व्यावसायिक व कौशल आधारित छोटे कोर्सों की ओर अधिक जा रहा है। वहीं कई विद्यार्थी राज्य से बाहर के विश्वविद्यालयों या निजी संस्थानों में दाखिला लेना पसंद कर रहे हैं। महाविद्यालय प्रबंधकों के आग्रह पर ही निदेशालय ने दाखिला प्रक्रिया बढ़ाने का निर्णय लिया था, लेकिन परिणाम उम्मीद के विपरीत रहे। अब दाखिला प्रक्रिया के पूर्ण हो जाने के बाद छात्र चाहकर भी किसी भी महाविद्यालय या आईटीआई में दाखिला नहीं ले पाएंगे। खाली पड़ी सीटें इस शैक्षणिक सत्र में भर नहीं पाएंगी, जिससे संस्थानों को नुकसान उठाना पड़ेगा। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि यह प्रवृत्ति चिंताजनक है और अगले सत्र में दाखिला प्रक्रिया को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए कदम उठाए जाने होंगे।




#### आईटीआई में 1044 सीटें थी निर्धारित

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सोनीपत में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कुल 1044 सीटें निर्धारित की गई थीं। लेकिन अंतिम चरण तक केवल 727 छात्रों ने ही दाखिला लिया। ऑन द स्पॉट दाखिला प्रक्रिया में 105 विद्यार्थियों ने नामांकन कराया, इसके बावजूद 317 सीटें खाली रह गईं। विशेष तौर पर ड्रेस बनाओ, भू सूचना सहायक, हरित हाइड्रोजन उत्पादन तकनीशियन, लिटो ऑफसेट मशीन माइंडर और मशीनिस्ट ग्राउंडर जैसी नई व तकनीकी ट्रेड में छात्रों ने कोई रुचि नहीं दिखाई। संस्थान प्रशासन ने छात्रों को 15 से 30 सितंबर तक अंतिम मौका दिया था, लेकिन अपेक्षित परिणाम नहीं मिले।

#### कालेजों में 45% सीटें खाली

उच्चतर शिक्षा निदेशालय की ओर से जिले के 23 राजकीय, निजी व एडिड महाविद्यालयों में दाखिला से वंचित छात्रों को अंतिम अवसर दिया गया। इसके तहत 20 सितंबर को पोर्टल दोबारा खोला गया और स्नातक प्रथम, द्वितीय, तृतीय व स्नातकोत्तर प्रथम, द्वितीय वर्ष की कक्षाओं में दाखिला लेने की छूट दी गई। लेकिन छात्रों की दिलचस्पी न होने के कारण अधिकांश महाविद्यालयों में इस अवधि में केवल एक-दो छात्रों ने ही दाखिला लिया। 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए जिलेभर में 13,562 सीटें निर्धारित की गई थीं, लेकिन दाखिला प्रक्रिया पूरी होने और अंतिम अवसर दिए जाने के बाद भी करीब 40 से 45 प्रतिशत सीटें खाली रह गईं।

*मंदिर में लगा मेला, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़*

# देवी नगर मंदिर में माता भीमेश्वरी की पूजा-अर्चना कर मांगी मन्नतें

*सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस कर्मचारी रहे तैनात, लोगों ने की जमकर खरीदारी*

**ब्राह्मणों को भोजन करवाकर कंजक पूजन किया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

देवी नगर स्थित माता भीमेश्वरी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में पूजा अर्चना करके परिवार और समाज में खुशहाली को लेकर मन्नतें मांगी। मंदिर में मेला भी लगा जिसमें श्रद्धालुओं ने जमकर खरीददारी की। सुरक्षा के मद्देनजर मंदिर में पुलिस कर्मचारी तैनात रहे। मेले के चलते पुलिस ने बरोदा रोड पर भारी वाहनों का आवागमन बंद किया और दूसरा रूट निर्धारित किया। माता भीमेश्वरी मंदिर में नवरात्र अष्टमी के दिन मेले का आयोजन किया जाता है। श्रद्धालु सुबह चार बजे से मंदिर में पहुंचना शुरू हो गए थे। मंदिर में आरती करवाई गई। दिन चढ़ने के साथ ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती चली गई। श्रद्धालुओं ने सुबह घरों में प्रसाद स्वरूप हलवा, पूरी, खीर व सब्जी तैयार की। ब्राह्मणों को भोजन करवाकर कंजक पूजन किया। इसके बाद श्रद्धालु मंदिर में पूजा करने पहुंचे। श्रद्धालुओं ने पहले माता भीमेश्वरी मंदिर में पूजा की और उसके बाद नजदीक में ही माता काली मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना की। भारी भीड़ के चलते पुलिस ने गोहाना-बरोदा रूट पर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाई। पुलिस ने शहर में रेलवे फाटक से पहले और दूसरी तरफ मोर चौक के पास नाका लगाकर वाहनों को जींद महम रोड की तरफ डायवर्ट किया।



**गोहाना।** मंदिर में ज्योति जलाकर मन्नतें मांगते श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*

#### झज्जर से लाई गई थी अखंड ज्योति

मूल रूप से गांव बिचपड़ी निवासी स्व. प्रभुदयाल वर्मा वर्ष 1952 में झज्जर में बेरी स्थित माता भीमेश्वरी मंदिर से यहां अखंड ज्योति लेकर आए थे। उसके बाद देवी नगर में मंदिर तैयार करवाया गया। मंदिर में अखंड ज्योति जलती है। नवरात्र में यहां पर हर वर्ष मेले का आयोजन किया जाता है।

#### अष्टमी के दिन मेले का आयोजन

मंदिर में विशाल मेला भी लगा जिसमें श्रद्धालुओं ने जमकर खरीददारी की। सुरक्षा के मद्देनजर मंदिर में पुलिस कर्मचारी तैनात रहे। मेले के चलते पुलिस ने बरोदा रोड पर भारी वाहनों का आवागमन बंद किया और दूसरा रूट निर्धारित किया। माता भीमेश्वरी मंदिर में नवरात्र अष्टमी के दिन मेले का आयोजन किया जाता है।

#### प्राण-प्रतिष्ठा आज-कल

1 व 2 अक्तूबर को मंदिर का भवन पुराना हो गया था। 3 वर्षों से मंदिर के नए भवन का निर्माण करवाया जा रहा है, जो अंतिम चरण में है। मंदिर का जीर्णोद्धार व मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा समारोह 1 को होगा। प्रातः 7 बजे गणेश पूजा होगी व 10 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। रात्रि 9 बजे से माता का जागरण शुरू होगा। मंदिर प्रबंधन समिति प्रतिनिधि राजमोहन वर्मा,अनिल व संदीप ने कहा कि श्रद्धालु महिलाएं कलश अपने साथ लेकर आएं। 2 को प्रातः 8 बजे यज्ञ के साथ मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी और 12 बजे भंडारा आयोजित होगा।

# अक्षी और नव्या ने मारी बाजी

■ इंडियन मॉडर्न स्कूल में नवरात्रि समापन पर विशेष प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

इंडियन मॉडर्न स्कूल में नवरात्रि समापन के पावन अवसर पर मंगलवार को कक्षा तीसरी से पाँचवी तक के विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर लगभग 50 से अधिक बच्चों ने विभिन्न पौराणिक एवं ऐतिहासिक पात्रों की भूमिकाएं निभाई।

किसी ने सीता माता के कोमल एवं त्यागमयी स्वरूप को प्रस्तुत किया, तो किसी ने श्रीराम के आदर्श और मर्यादित चरित्र को जीवंत किया, किसी ने हनुमान जी के सेवा-भाव को अभिनय में उतारा। इस दौरान अशोका सदन से कक्षा पाँचवी की अक्षी व टगौर सदन से नव्या ने प्रथम स्थान, अशोका सदन से कक्षा चौथी से परी, सुभाष सदन से कक्षा तीसरी की चेष्ठा व अशोका सदन से कक्षा पाँचवीं की साईना ने द्वितीय स्थान, सुभाष सदन से कक्षा तीसरी की वर्णिका, कक्षा चौथी की मन्नत व कक्षा चौथी से रमन सदन की अन्नया तीसरे स्थान पर रही। अशोका सदन से दृशा, याशवी और कुनाल ने संयुक्त रूप से सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें पुरस्कृत किया।




**सोनीपत।** विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते स्कूल की प्रबंधक एवं अन्य।

#### छात्राओं ने किया शैक्षणिक दौरा

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कालेज की बीसीए और एमएससी कैमिस्ट्री की छात्राओं ने एक निजी कंपनी का शैक्षणिक दौरा कर प्लांट की हर प्रकार की गतिविधियों की जानकारी ली। जीवीएम संस्थाओं के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम की बधाई देते हुए छात्राओं को प्रोत्साहित किया कि वे इस प्रकार के कार्यक्रमों का अधिकाधिक लाभ उठायें। जीवीएम के कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष राकेश जुनेजा के नेतृत्व में शैक्षणिक भ्रमण किया गया। इस दौरान कंपनी के प्रतिनिधियों ने छात्राओं को कंपनी के उत्पाद के बारे में समझाया। इस दौरान एचओडी राकेश जुनेजा तथा प्राध्यापिकाओं रितु, पारूल, डा. सुमन व डा. नवीन ने प्रतिनिधियों का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया।



**सोनीपत।** कंपनी के शैक्षणिक दौरे पर पहुंचीं छात्राएं।



कार्यक्रम में पहुंचें भाजपा नेता माईराम कौशिक साथ में तरुण एवं अन्य।

#### नवरात्रि उत्सव श्रद्धा से मनाया

**सोनीपत।** चिट्टाने वाली माता मंदिर में नवरात्रि उत्सव श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मनाया गया। मंदिर परिसर में प्रतिदिन भजन-कीर्तन, कन्या पूजन, छठ एवं कढ़ाई जैसे धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। सप्तमी के दिन विशाल मेला रामलीला ग्राउंड, कामी रोड पर आयोजित किया गया। मेला समापन का भव्य आयोजन रथ यात्रा के साथ हुआ, जो रामलीला ग्राउंड से प्रारंभ होकर सब्जी मंडी, माली की मीठी, बड़ा बाजार, देवी बाड़ा, खारी कुआं होते हुए पंचायती ठाकुर द्वारा पर समापन हुआ। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली के भाई माई राम कौशिक ने शिरकत की। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री तरुण देवीदास उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंदिर समिति के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

#### हर्षोल्लास के साथ मनाया दशहरा पर्व

**सोनीपत।** जैन विद्या मंदिर सीनियर सेकंडरी विद्यालय में बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक दशहरा पर्व बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नन्हें-मुन्नों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता से हुई, जिसमें बच्चों ने राम, लक्ष्मण, सीता, रावण, हनुमान आदि की वेशभूषा धारण कर सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने रामायण पर आधारित लघु नाटिका प्रस्तुत की और विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों द्वारा रामायण के पात्रों से संबंधित पोस्टर प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम का सबसे रोमांचक क्षण रावण दहन रहा। विद्यालय के प्रधान राकेश जैन, प्राचार्या डॉ. नीरू एवं प्रबंधक कमेटी के सदस्यों ने विद्यार्थियों को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



**सोनीपत।** जैन विद्या मंदिर में विद्यालय प्रबंधन के साथ विद्यार्थी एवं स्टाफ।




**गोहाना।** रक्तदाताओं को बैज लगाते पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान।

#### 31 नागरिकों ने बटोरा रक्तदान का पुण्य

**गोहाना।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत मंगलवार को गांव कथूरा में चेतराम चौपाल में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर की अध्यक्षता भाजपा कथूरा मंडल के अध्यक्ष अशोक सेन ने की। सानिध्य स्टार रक्तदाता एवं समाजसेवी सुरेंद्र विश्वास का रहा। शिविर में 31 नागरिकों ने रक्तदान का पुण्य कमाया। रक्त संकलन के लिए गोहाना से टीम पहुंची। शिविर के मुख्य अतिथि भाजपा बरोदा हलका के पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान ने कहा कि किसी व्यक्ति की जान बचाने के लिए रक्तदान करना जरूरी है। सड़क दुर्घटनाओं में घायलों के लिए अस्पतालों में रक्त की आपात जरूरत पड़ जाती है। ऐसी स्थिति में जब अस्पताल के रक्त बैंक में रक्त उपलब्ध होगा तभी जरूरतमंद व्यक्ति को रक्त मिल सकेगा। अस्पतालों में उपचाराधीन अन्य मरीजों को भी आमतौर पर रक्त की जरूरत पड़ जाती है। ऐसे में रक्तदान जरूर करें ताकि रक्त की कमी से किसी व्यक्ति की जान न जाए। भलेराम नरवाल आदि मौजूद रहे।

#### 520 ने स्वास्थ्य शिविरों से लाभ उठाया

**सोनीपत।** पोषण माह एवं स्वच्छता सेवा पखवाड़े के अंतर्गत दुर्गाष्टमी के अवसर पर आयुष विभाग की ओर से जिले के विभिन्न गांवों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह आयोजन जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. राम अवतार सिंह के नेतृत्व में हुआ। गांव फतेहपुर रोहट में आयोजित शिविर में 157 मरीजों, 76 पुरुष, 81 महिलाएं को परामर्श व दवाइयां दी गईं। माता मंदिर आंवली में 114 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त कीं। इसी प्रकार गांव झिंझोली की चौपाल में 80 मरीजों को उपचार दिया गया, साथ ही मोटापे पर व्याख्यान और योगाभ्यास भी कराया गया। वहीं गांव टावरी गन्नौर में 70 लोगों ने शिविर का लाभ उठाया। स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार अभियान 2025 के तहत महिलाओं व किशोरियों को गर्भिणी परिचर्या, पोषण, रजस्वला आहार-विहार और कुपोषण से बचाव संबंधी जानकारी दी गई। कुल मिलाकर 520 लोगों ने इन स्वास्थ्य शिविरों से लाभ उठाया।



**सोनीपत।** लोगों की जांच करते व दवा देते कर्मचारी। *फोटो :हरिभूमि*



**सोनीपत।** सेवानिवृत होने वाले कर्मचारी। *फोटो :हरिभूमि*

#### सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को दी विदाई

**सोनीपत।** जिला पुलिस लाइन में आयोजित एक समारोह में सहायक पुलिस आयुक्त (यातायात) अमित कुमार ने सोनीपत पुलिस के पांच सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर कल्याण शाखा में तैनात निरीक्षक जसमेर सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे। समारोह में बताया गया कि पुलिस विभाग के निरीक्षक हरेंद्र, निरीक्षक रामरतन, उप निरीक्षक सुनील कुमार, सिपाही सतपाल सिंह और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (वाटर कैरियर) फूल कुमार ने लंबे समय तक विभाग की सेवा की है और अब वे सेवानिवृत्त हो गए हैं। सहायक पुलिस आयुक्त अमित कुमार ने सभी को सम्मान चिन्ह व उपहार भेंट कर सम्मानित किया और उनके स्वस्थ व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



**गन्नौर।** औद्योगिक क्षेत्र बड़ी में शैक्षणिक भ्रमण आईटीआई के छात्र। *फोटो :हरिभूमि*

#### छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**गन्नौर।** राजलू गढ़ी स्थित आईटीआई के छात्रों को औद्योगिक ज्ञान और व्यावहारिक अनुभव से जोड़ने के उद्देश्य से औद्योगिक क्षेत्र बड़ी का भ्रमण कराया गया। छात्रों को विभिन्न उद्योगों की कार्यप्रणाली और आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी। भ्रमण के अवसर पर एमएसएमई इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसो बड़ी की ओर से प्रमुख उद्योगपतियों ने छात्रों का स्वागत किया और उन्हें औद्योगिक जगत से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्रदान की। एसो. से नवीन कौशिक, हरप्रीत सिंह, अमित त्यागी और अनिल शर्मा मौजूद रहे। सभी ने छात्रों को उद्योगों में रोजगार के अवसरों और कौशल विकास की आवश्यकता के बारे में विस्तार से बताया। आईटीआई की ओर से नवीन खत्री, राजेश कुमार और चरितर सिंह भी छात्रों के साथ उपस्थित रहे। छात्रों ने औद्योगिक इकाइयों का दौरा कर उत्पादन प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण, मशीनरी संचालन और सुरक्षा मानकों की जानकारी हासिल की। उद्योग प्रतिनिधियों ने उन्हें बताया कि अनुशासन, कौशल और तकनीकी ज्ञान ही किसी भी उद्योग में सफलता की कुंजी है। छात्रों ने आईटीआई प्रबंधन और इंडस्ट्रीज एसोसिएशन का आभार व्यक्त किया।

*कामी रोड स्थित काली माता मंदिर में अष्टमी की पूजा-अर्चना करने पहुंचें मेयर*

# नवरात्रों में मां की पूजा-अर्चना से धर्म के मार्ग पर चलने की मिलती है प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम मेयर राजीव जैन ने कहा कि देवी मां के विभिन्न प्रतिरूप मानव जीवन में सदैव खुशहाली लेकर आते हैं, नवरात्रों में माँ की पूजा अर्चना से धर्म मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है, इस बार अधिक मास के चलते शारदीय नवरात्रों का शुभ संयोग बन रहा है, जिसमें श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक प्रतिफल मिलेगा।

राजीव जैन मंगलवार को कामी रोड स्थित काली माता मंदिर में अष्टमी की पूजा अर्चना और आरती करने के बाद श्रद्धालुओं को सम्बोधित कर रहे थे। आरती के बाद कन्याओं का पूजन हुआ और भंडारे का आयोजन किया गया। राजीव जैन ने कहा कि नवरात्रों में हम कन्या पूजन करते हैं जिसका महत्व इस बात को लेकर है कि हम कन्याओं की भ्रूण हत्या ना करने का संकल्प लें और पराई कन्याओं को माँ बहन की नजर से देखें। पूजा में अरविन्द मित्तल अधिवक्ता, देवेंद्र कुच्छल, श्रीभगवान सिंगला, प्रमोद गुप्ता, राजेंद्र कुच्छल, अमित कुच्छल, महेंद्र मंगला, रघुनंदन व्यास, आनंद प्रकाश, जितेंद्र सहगल, राकेश बिंदल, मनोज गर्ग, सुजेश गुप्ता, श्रीपाल खत्री, महताब खत्री, राजेंदर सिंह खत्री आदि माता का सेंकडो भक्त उपस्थित रहे।



**सोनीपत।** मंदिर में पूजा करते मेयर राजीव जैन एवं अन्य। *फोटो :हरिभूमि*

# बाल भवन में दशहरा एवं दुर्गा अष्टमी उत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में दशहरा एवं दुर्गा अष्टमी का पर्व उत्साह से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना एवं माँ दुर्गा की आरती से हुआ। विद्यार्थियों ने नृत्य,गीत, नाटक आदि रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी। सबसे पहले कक्षा तीन के विद्यार्थियों द्वारा भजन प्रस्तुत किया गया। कक्षा पहली तथा कक्षा दूसरी के विद्यार्थियों द्वारा नृत्य की प्रस्तुति शानदार रही और कक्षा चौथी के विद्यार्थियों द्वारा माता वैष्णो की कथा का मंचन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। छात्रों ने बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश बड़े सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। स्कूल के प्रधानाचार्य जय भारत गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे पर्व हमारी संस्कृति और परंपरा से हमें जोड़े रखते हैं और हमें जीवन में सदैव सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। पूरे विद्यालय परिवार ने इस आयोजन में सक्रिय रूप से भाग लिया और पर्व को सफल बनाया।



## खबर संक्षेप



गोहाना। कानूनगो व पटवारियों की बैठक लिए हुए नायब तहसीलदार जितेंद्र गिल।

### जमाबंदी, इंतकाल का बकाया कार्य जल्द पूर्ण करें : गिल

**गोहाना।** जितेंद्र गिल ने गोहाना के नए नायब तहसीलदार का कार्यभार संभाला है। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने मंगलवार को कानूनगो व पटवारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशानिर्देश दिए। नायब तहसीलदार ने कहा कि सभी कानूनगो एवं पटवारी जमाबंदी, इंतकाल, क्षतिपूर्ति पोर्टल और मेरी फसल मेरा ब्योरा संबंधी शेष कार्यों को जल्द पूर्ण करें ताकि आम नागरिकों को परेशानी का सामना न करना पड़े। राज्य सरकार के निर्देशानुसार वह अपने सब कार्य ईमानदारी, निष्ठा एवं पारदर्शिता के साथ पूर्ण करें। जितेंद्र गिल ने कानूनगो और पटवारियों को सख्त निर्देश दिए कि किसी भी कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई और कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### ताला तोड़कर नकदी व आभूषण चोरी, केस दर्ज

**गन्नौर।** गांव चटिया औलिया में बीती रात चोर मकान का ताला तोड़कर नकदी व सोने, चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। चोरी की सूचना मकान मालिक ने वापिस आने के बाद पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के बाद चोरी का मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में चटिया गांव निवासी सोनू ने बताया कि बीती रात को वह परिवार के साथ बाहर गया हुआ था।

### डॉ. राजबाला 19 वर्ष की सेवा उपरांत सेवानिवृत्त

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) के माडू सिंह मेमोरियल आयुर्वेदिक संस्थान में आयुर्वेद मेडिकल अफसर (एएमओ) के पद पर कार्यरत डॉ. राजबाला 19 वर्ष की सेवा उपरांत मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गई। विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने सेवानिवृत्त अधिकारी के कार्यकाल की सराहना की और उनको सुखद एवं स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दी। प्रो. सुदेश कहा कि विवि के विकास में यहां कार्यरत कर्मचारियों व अधिकारियों का अभूतपूर्व योगदान रहा है। विवि के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने सेवानिवृत अधिकारी को सराहना पत्र भेंट करके सम्मानित किया।

## देशभर से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट कौशल और खेल भावना का परिचय दिया

### ऋषिकुल विद्यापीठ में चल रही सीबीएसई नेशनल लॉन टेनिस चैंपियनशिप संपन्न

# सीबीएसई नेशनल लॉन टेनिस में कृष सूर्य और एस श्रीकंठ ने जीता गोल्ड

*प्रतियोगिता में ब्वाय अंडर 14 वर्ग में कृष बेनिवाल (वेंकटेश्वर ग्लोबल स्कूल, सेक्टर 13 रोहिणी) ने गोल्ड, अंडर 17 में सूर्य भारद्वाज (डीपीएस ग्रेटर गम्मा) ने गोल्ड, अंडर 19 में एस श्रीकंठ मेनन ने गोल्ड तथा दीपांशु झांझरिया (ऋषिकुल विद्यापीठ सोनीपत) ने सिल्वर जीता*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ऋषिकुल विद्यापीठ सोनीपत में आयोजित सीबीएसई नेशनल लॉन टेनिस चैंपियनशिप का समापन समारोह मंगलवार को सम्पन्न हुआ। देशभर से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल और खेल भावना का परिचय दिया। समारोह में चेयरमैन एसके शर्मा मुख्य अतिथि रहे। निदेशक धीरज शर्मा, ग्लोबल आउटरेज डायरेक्टर अर्चना शर्मा, उप-प्रधानाचार्या कृति चौधरी, मिडिल विंग इंचार्ज निशा, प्राइमरी विंग इंचार्ज सुरभि और प्रधानाचार्य उमेश शर्मा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। सीबीएसई तकनीकी ऑफिसर प्रवीण कुमार ने विद्यालय की व्यवस्थाओं की प्रशंसा की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। प्रतियोगिता में ब्वाय अंडर 14 वर्ग में कृष बेनिवाल (वेंकटेश्वर ग्लोबल स्कूल, सेक्टर 13 रोहिणी) ने गोल्ड, अंडर 17 में सूर्य भारद्वाज (डीपीएस ग्रेटर गम्मा) ने गोल्ड, अंडर 19 में एस श्रीकंठ मेनन ने गोल्ड तथा दीपांशु झांझरिया (ऋषिकुल विद्यापीठ सोनीपत) ने सिल्वर जीता। गर्ल्स अंडर 14 में मरिगाक्षी चमै (दिल्ली पब्लिक स्कूल गुवाहाटी, असम) ने गोल्ड हासिल किया। मिक्सड डबल्स इवेंट में संतो बाबू (डीपीएस बेगूर बैंगलोर) और तास्माई पहाकर (न्यू पुणे पब्लिक स्कूल) ने गोल्ड, अशनूर रंजन (ऋषिकुल विद्यापीठ सोनीपत) व ध्याना एसीन मोरेरी (दिल्ली पब्लिक स्कूल गुवाहाटी, असम) ने ब्रॉन्ज प्राप्त किया। अंडर 17 में पृथ्वी (टीएनपीएल पब्लिक स्कूल कारुर, तमिलनाडु) और तस्मीन कोहाकर (न्यू पुणे पब्लिक स्कूल) ने गोल्ड जीता, जबकि मायरा शर्मा (ऋषिकुल विद्यापीठ सोनीपत) और प्रांशुल पुजारी (पीआईसीटी मॉडल स्कूल पुणे) ने ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया।

■ सीबीएसई तकनीकी ऑफिसर प्रवीण कुमार ने विद्यालय की व्यवस्थाओं की प्रशंसा की



सोनीपत। ऋषिकुल विद्यापीठ में आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते हुए।

### प्रताप स्कूल के खिलाड़ियों ने वेटलिफ्टिंग के खेल महाकुंभ में जीते 4 पदक

**खरखौदा।** हरियाणा खेल महाकुंभ वेटलिफ्टिंग टूर्नामेंट, जो कि गुरुग्राम में आयोजित हुआ, जिसमें प्रताप स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 4 पदक अपने नाम किए। तमन्ना ने 77 किग्रा भार वर्ग व कृति ने 86 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक, प्रथम ने 110 किग्रा भार वर्ग में रजत पदक तथा अंशुल ने 71 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीता। विद्यालय प्रांगण में खिलाड़ियों के विजयी खिलाड़ियों का सीएम के सलाहकार एवं सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल जय सिंह नैन, द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, प्राचार्या दया दहिया और एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया ने स्वागत किया। पूर्व लेफ्टिनेंट जनरल जय सिंह नैन ने कहा कि खिलाड़ियों की इस शानदार उपलब्धि पर वह गर्व महसूस कर रहे हैं। पदक विजेता खिलाड़ियों ने अपनी सफलता का श्रेय कोच, माता-पिता और विद्यालय प्रबंधन को दिया।



खरखौदा। खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए ले. जनरल जय सिंह नैन व अन्य।

### जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में दिखाया दमखम

**गोहाना।** हरियाणा स्टेट ओलम्पिक कराटे प्रतियोगिता में चयन के लिए मंगलवार को गोहाना में बरोदा रोड पर नागरिक अस्पताल के सामने स्थित बाल भारती विद्यापीठ में जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता (ट्रायल) आयोजित हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ मेजबान विद्यालय के निदेशक हरिप्रकाश गौड़ ने किया। अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या सुमन कौशिक ने की। हरियाणा खेल कराटे संघ के सह सचिव और सोनीपत कराटे संघ के महासचिव अनिल भारद्वाज ने बताया की जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में लड़कियों में 45 किलोग्राम भारवर्ग में तन्नू, 50 किलोग्राम भारवर्ग में काजल, 55 किलोग्राम भारवर्ग में दीपा, 61 किलोग्राम भारवर्ग में अनु, 68 किलोग्राम भारवर्ग में खुशबू, 68 प्लस किलोग्राम भारवर्ग में प्रिया और व्यक्तिगत रूप से कांता व दीपा ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। लडकों के वर्ग में 50 किलोग्राम भारवर्ग में अविकेश, 55 किलोग्राम भारवर्ग में प्रिंस, 60 किलोग्राम भारवर्ग में संदीप, 67 किलोग्राम भारवर्ग में अरविंद, 75 किलोग्राम भारवर्ग में परवीन, 84 किलोग्राम भारवर्ग में विकास और 84 प्लस किलोग्राम भारवर्ग में विशाल के अलावा मयंक, हर्ष कौशिक, प्रदीप, अमन कुमार, अनीश, संदीप जबकि टीम कुमिते में हर्ष, हिमांशु, विकास, तरुण, मयंक, विशाल, संदीप और मनोज ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

■ बाल भारती विद्यापीठ में हरियाणा स्टेट ओलम्पिक कराटे के ट्रायल के लिए ट्रायल



गोहाना। चयनित खिलाड़ी प्राचार्या सुमन कौशिक व कोच अनिल भारद्वाज के साथ। फोटो : हरिभूमि

### साहिल ने 100 और 200 मीटर दौड़ में जीते दोहरे स्वर्ण पदक

**गोहाना।** गांव आहुलाना स्थित चौ. देवीलाल को-ऑपरेटिव चीनी मिल के कर्मचारी साहिल पुत्र सतीश कुमार ने राज्य स्तरीय खेलों में 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में दो स्वर्ण पदक जीत कर चीनी मिल का नाम रोशन किया। खिलाड़ी के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन को लेकर मंगलवार को मिल की एमडी अंकिता वर्मा ने साहिल को ट्राफी व पदक प्रदान करके सम्मानित किया। अंबाला में 24 व 25 सितम्बर को राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। धावक साहिल ने इन खेलों में 100 व 200 मीटर दौड़ में अपने सब प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए दो स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिए। इससे पहले साहिल ने 18 व 19 सितम्बर को आयोजित मंडल स्तरीय खेलों में 100 व 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त करके सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब अपने नाम किया था।



गोहाना। साहिल को सम्मानित करते हुए एमडी अंकिता वर्मा, सीएओ जितेंद्र शर्मा व अनिल वर्मा।

# सेवानिवृत्ति पर प्राध्यापक जितेंद्र सैनी को दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिसाना के इतिहास प्राध्यापक जितेंद्र सैनी की सेवानिवृत्ति पर मंगलवार को उनके सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। उनके पिता जिले सिंह भी अध्यापक रहे हैं। शादी के 2 दिन बाद ही उन्होंने अध्यापन कार्य में कदम रखा था। उन्होंने गोपालपुर के राजा मान सिंह मैमोरियल स्कूल से अपनी शैक्षिक सेवाएं शुरू की थी। इसके बाद पिपली मार्डन स्कूल और आनंद हाई स्कूल में भी सेवाएं दी। फिर 5 सितंबर 1993 को सैदपुर में टीजीटी के पद पर नियुक्त हुए। वर्ष 2009 में इतिहास के प्राध्यापक के रूप में पदोन्नत हुए। इसके बाद राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिधलान में सेवाएं दी और मौजूदा हाल में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिसाना में सेवाऐं दे रहे थे।



खरखौदा। सेवानिवृत हो रहे मा. जितेन्द्र सैनी सम्मान करते गणमान्य

### पूरा परिवार शिक्षा से जुड़ा हुआ

एक वर्ष उन्हें डीडीओ का चार्ज भी मिला, जिसे उन्होंने पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाया। मा.जितेंद्र सैनी की 3 संतानें हैं, जिनमें बड़ा लड़का नीरज एमए एलएलबी, छोटा लड़का नवीत एम.एससी रेडियाग्रोफर करनाल सिविल अस्पताल में सेवाएं दे रहा है। बेटी नीतू बीएड पास है। पूरा परिवार शिक्षा से जुड़ा हुआ है। मा. जितेंद्र सैनी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा राजकीय स्कूल खरखौदा से पास की थी। उच्चतर शिक्षा सीआरए कॉलेज सोनीपत से पास की थी।

# एमपी माजरा में 12 एकड़ में 2000 पौधे रोपे

## विधायक कादियान ने कहा-शुद्ध वातावरण के लिए पौधरोपण जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

उपमंडल के एमपी माजरा गांव में पीएम मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया। ग्राम पंचायत और वन विभाग के संयुक्त सहयोग से गांव की करीब 12 एकड़ पंचायती जमीन पर विभिन्न प्रजातियों के लगभग 2000 पौधे रोपे गए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच सीमा रानी ने की, जबकि बतौर मुख्यातिथि क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र कादियान ने पौधारोपण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इससे पहले गांव पहुंचने पर विधायक का ग्रामीणों ने स्वागत किया। विधायक कादियान ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मानव जीवन में पौधरोपण का विशेष महत्व है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि आने वाले दिनों में हरियाली बनी रहे और हमें शुद्ध वातावरण में जीवन यापन करने को मिले, इसके लिए वृक्षारोपण जरूरी है। पौधों से कई प्रकार की औषधियां भी प्राप्त होती है, जो मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि दलबीर, वीरेंद्र सिंह, नरेश, लक्ष्मण सिंह, प्रधान कृष्ण मलिक, अंकित, वीरेंद्र, कर्मबीर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



गन्नौर। विधायक पौधरोपण करते साथ में सरपंच प्रतिनिधि दलबीर मलिक व अन्य।

### नर्मदेश्वर महादेव मंदिर का नवीनीकरण कार्य शुरू

गांव कामी स्थित प्राचीन नर्मदेश्वर महादेव मंदिर का अब ग्रामीणों के सहयोग से नवीनीकरण किया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान ने मंदिर की नींव रखी और ग्रामीणों को इस पहल के लिए बधाई दी। इस मौके पर रामकिशन, राजबीर, सरपंच बलराज, रामधन, सीताराम, शमशेर आदि शामिल थे।

### स्कूल के लिए निकला था नमन, घर नहीं लौटा

**सोनीपत।** गांव रभड़ा, तहसील गोहाना निवासी नाबालिग छात्र नमन के लापता होने से परिवार में चिंता का माहौल है। जानकारी के अनुसार नमन 9 सितम्बर की सुबह स्कूल जाने के लिए घर से निकला था। बस छूट जाने के बाद वह किसी अज्ञात बाइक सवार के साथ चला गया और उसके बाद से घर नहीं लौटा। परिजनों ने बताया कि जब शाम तक नमन घर नहीं आया तो वे स्कूल पहुंचे, जहां से पता चला कि वह उस दिन स्कूल पहुंचा ही नहीं था। रिश्तेदारी और परिचितों में तलाश करने के बावजूद भी नमन का कोई सुराग नहीं मिला। लापता छात्र का हुलिया इस प्रकार बताया गया है – रंग गेहुआ, कद लगभग 4 फुट, चेहरा गोल, शरीर पतला। नमन ने लाल रंग की टी-शर्ट, सफेद पैंट और काले जूते पहन रखे थे। परिवार ने इस मामले में मानव अधिकार संरक्षण संघ से सहायता मांगी है और प्रशासन से अपील की है कि नाबालिग की शीघ्र खोजबीन कर सुरक्षित घर वापसी सुनिश्चित की जाए।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### अनुवाद से शोध के साथ साथ मिलते हैं वैश्विक रोजगार के अवसर: डॉ. सुमिता



खरखौदा। छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राध्यापक

**खरखौदा।** कन्या महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग द्वारा विश्व अनुवाद दिवस उत्साह और सहभागिता के साथ मनाया गया। जिसका आयोजन प्रधानाचार्या डॉ. तराना नेगी के मार्गदर्शन और डॉ. योगिता के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर बी.ए. और बी. कॉम. प्रथम वर्ष की छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सुमिता व डॉ. सुमित द्वारा की गई। डॉ. सुमिता ने अनुवाद का महत्व एवं कैरियर संभावनाएँ विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने छात्राओं को बताया कि अनुवाद न केवल भाषाओं और संस्कृतियों को जोड़ता है, बल्कि इसमें वैश्विक रोजगार और शोध के अवसर भी मिलते हैं। डॉ. सुमित ने सुप्रसिद्ध साहित्यकार महाश्वेता देवी के अनूदित कार्यों पर समझाया कि अनुवाद के माध्यम से साहित्य की सामाजिक सच्चाइयाँ और शोषित वर्ग की आवाज़ नई पीढ़ी तक पहुँचती है। कार्यक्रम में छात्राओं के साथ विलियम वर्ड्सवर्थ की एक कविता का हिंदी अनुवाद भी साझा किया गया, जिससे उन्हें कविता और अनुवाद की सुंदरता का अनुभव हुआ। कार्यक्रम में छात्राओं ने लघु अनुवाद प्रतियोगिता और पोस्टर प्रस्तुति में भाग लिया।

### गुड टच-बैड टच, साइबर क्राइम से बचाव की जानकारी दी

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल में मंगलवार को बाल जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्या डॉ. सरोज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में गुड टच-बैड टच, साइबर क्राइम से बचाव, आपातकाल में 112 नंबर डायल करने का महत्व तथा सेल्फ डिफेंस तकनीक पर जानकारी दी गई। मुख्य वक्ता खानपुर कलां महिला थाना प्रभारी सुदेश ने कहा कि आज समाज में सुरक्षा एक प्रमुख आवश्यकता बन गई है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए सरकार ने डायल 112 सुविधा शुरू की है। यह एक एकीकृत आपातकालीन नंबर है, जिस पर कॉल करके पुलिस, अग्निशमन, एम्बुलेंस या अन्य आपात सेवाओं की मदद तुरंत प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने बताया कि यदि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति जैसे दुर्घटना, छेड़छाड़, चोरी, झगड़ा या स्वास्थ्य संबंधी संकट उत्पन्न हो जाए तो बिना देर किए 112 पर कॉल करें। यह सेवा 24 घंटे और 7 दिन उपलब्ध रहती है। सुदेश ने कहा कि आज के समय में विशेषकर महिलाओं और युवाओं को स्वयं की सुरक्षा के प्रति जागरूक होना आवश्यक है। स्वयं रक्षा केवल शारीरिक सुरक्षा तक सीमित नहीं है बल्कि यह आत्मविश्वास, साहस और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है।

■ यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल में बाल जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# यशवंत राव चौहान चुने गए केकेसी का जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा गठित असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस (केकेसी) हरियाणा प्रदेश की ओर से चंडीगढ़ में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में सोनीपत जिले से कई पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। समारोह की अध्यक्षता संयोजक नरेश मलिक ने की, जबकि राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. उदित राज, प्रदेश प्रभारी सीपी सोनी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पीसीसी प्रदेश अध्यक्ष उदय भान भी मौजूद रहे। सोनीपत जिले से यशवंत राव चौहान को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा गोविंद राम और वेदपाल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रिंकू सोलंकी, सलीम, दीपक कुमार और सरदार जसविंदर सिंह को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया।



सोनीपत। नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागतस करते हुए।

### इन्हें सौंपी जिम्मेदारी

पवन, संदीप, सत्तार खान और देवेंद्र सिंह को जिला महासचिव, राम सिंह, हारून, कृष्ण पाल और नूर हसन को जिला सचिव की जिम्मेदारी दी। सुनील कुमार को राई हलका अध्यक्ष व रणवीर को राई महासचिव बनाया। महिला विंग में रेखा राना जिला अध्यक्ष, सावित्री मलिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष, संतोष, बबीता व अलका को जिला महिला महासचिव, ममता अरोड़ा और रेखा को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई।

### गांवों को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए पंचायतें करें सहयोग

**सोनीपत।** उपायुक्त सुशील सारवान की अध्यक्षता में मंगलवार को लघु सचिवालय में घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम व बाल विवाह निषेध अधिनियम को लेकर बैठक आयोजित हुई। उन्होंने कहा कि जिला के सभी गांवों को बाल विवाह मुक्त बनाने में पंचायते सहयोग करें। डीडीपीओ को निर्देश दिए कि सरपंचों, नंबरदारों और चौकीदारों को जागरूक कर गांवों में बाल विवाह व महिलाओं के खिलाफ घरेलू हिंसा रोकने के लिए जागरूकता फैलाई जाए। उपायुक्त ने उप जिला शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार को पढ़ाई छोड़ चुके आठवीं से बारहवीं तक के बच्चों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए।

## प्रदेश सह प्रभारी जितेंद्र बघेल रहे मुख्यातिथि, विरोध प्रदर्शन करते हुए निकाली यात्रा

# कांग्रेस ने शुरू किया वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

कांग्रेस ने भाजपा सरकार की नीतियों और कार्यशैली के खिलाफ बड़ा अभियान शुरू कर दिया है। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान की शुरुआत खरखौदा के सांपला रोड स्थित वाल्मीकि आश्रम से की गई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह अभियान जिले के हर हलके और गांव तक पहुंचाया जाएगा, ताकि आम जनता को भाजपा की नाकामियों और नीतियों की सच्चाई बताई जा सके।

वाल्मीकि आश्रम खरखौदा के हॉल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक बैठक पूर्व विधायक जयवीर वाल्मीकि की अध्यक्षता में आयोजित की गई। प्रदेश कांग्रेस डेलिगेशन सह प्रभारी जितेंद्र बघेल ने बतौर मुख्य अतिथि बैठक में शिरकत की और अपने वक्तव्य में आरोप लगाया कि भाजपा ने चुनाव आयोग से मिलीभगत कर बड़े स्तर पर वोटों की चोरी कर सत्ता हासिल की है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में गड़बड़ी करके भाजपा के पक्ष में वोट डलवाए जाते हैं और इसका प्रमाण कांग्रेस नेता राहुल गांधी पहले ही सार्वजनिक कर चुके हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि इस अन्याय के खिलाफ अब सिर्फ आवाज ही नहीं, बल्कि आंदोलन भी किया जाएगा। कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए मुख्य मार्ग पर एक यात्रा भी निकाली।




सोनीपत। अभियान के तहत मौजूद कांग्रेस प्रदेश प्रभारी, जिलाध्यक्ष एवं अन्य।

### भाजपा की पोल जनता के सामने खोली जाए

कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने कहा कि अब समय आ गया है कि भाजपा की पोल जनता के सामने खोली जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने जनता को खोखले वादों के सहारे बरगलाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों को बताएंगे कि किसान, मजदूर, व्यापारी और युवा किस तरह भाजपा की नीतियों से परेशान हैं।